# जय बोलो हनुमान की | By Toshi Kaur

कर ना सका जो कर वो डाला, बात है उस बलवान की
बोलो जय बोलो जय, जय बोलो हनुमान की

बाल अवस्था थी ऊपर देखा तो मनवा ये डोला
दूर गगन में चमक रहा था, लाल आग का एक गोला
गेंद समझ कर सूर्य को निगला, उमर बड़ी नादान थी
बोलो जय बोलो जय,जय बोलो हनुमान की

लक्ष्मण मूर्छित पड़े धरा पर बिलख रहे थे राम जी
देख राम के आंख में आंसू, तड़प उठे हनुमान जी
पावन बेग से लाए संजीवन रक्षा की लखन के प्राण की
बोलो जय बोलो जय जय बोलो हनुमान की

कदम कदम पे बना सहारा,हर एक वक्त पे काम आया
फर्ज निभाया सेवक का,मालिक ना कर्ज चुका पाया
राम पे जब जब विपदा आई, हर मुश्किल आसान की
बोलो जय बोलो जय, जय बोलो हनुमान की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-toshi-kaur/